कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

सत्र 2020–21 में नवीन मान्यता/ क्रमोन्नति, अतिरिक्त माध्यम, अतिरिक्त विषय, अतिरिक्त संकाय, स्थान परिवर्तन आदि के प्रकरणों हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये, उक्त आवेदनों हेतु निर्धारित टाईम फेम जारी किया गया था जिसके तहत् नवीन मान्यता/क्रमोन्नति हेतु आवेदन के लिये शुल्क ई–ग्रास के माध्यम से जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया गया, जिसकी निर्धारित अन्तिम दिनांक 01.10.2020 हैं।

वर्तमान समय में ई–ग्रास में आ रही तकनीकि समस्या के कारण विभिन्न जिशिअ कार्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा चालान बनाने एवं चालान जमा करवाया जाने से संबंधित समस्या की शिकायतें प्राप्त हो रहीं है। जिसके क्रम में श्रीमान निदेशक महोदय द्वारा अन्तिम दिनांक को आगामी 01 माह तक बढ़ाया गया है। अतः पूर्व निर्धारित टाईम फेम में निम्नानुसार संशोधन किया गया हैः–

क्र.सं.	विवरण	पूर्व में निर्धारित टाईम फेम	संशोधित टाईम फेम
1.	संस्था द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की वेबसाईट,प्राईवेट स्कूल पोर्टल (www.rajpsp.nic.in) में विद्यालय लॉगइन के द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर समस्त पत्रावली स्कैन कर, ऑनलाईन अपलोड कर, आवेदन शुल्क ई–ग्रास पोर्टल के माध्यम से जमा करवा हुए आवेदनमय समस्त सूचना लॉक करना।	दिनांक 1.10.2020 तक	दिनांक 1.10.2020 के स्थान पर संशोधित कर दिनांक 01.11.2020 तक की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हैं।
2.	विलम्ब शुल्क राशि रूपये 10,000 सहित गैर सरकारी शिक्षण संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात आवेदन करना।	दिनांक 2.10.2020 से 30.11.2020	दिनांक 2.10.2020 से 30.11.2020 के स्थान पर संशोधित कर दिनांक 2.11.2020 से 30.11.2020 तक की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हैं।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/पीएसपी–सी/अ–2/60566/2020–21 दिनांकः– 1/10/2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग राजस्थान जयपुर।
2. समन्वयक राजस्थान प्राइवेट स्कूल पोर्टल सेण्ट्रल सेल शिक्षा संकुल जयपुर।
3. समस्त जिशिअ कार्यालय ।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Scanned with CamScanner